Progress of Construction work at Kandla Port

3064. SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the construction work of the Seventh Cargo berth at Kandla Port is not progressing satisfactorily;

(b) if so, by when the same is likely to be completed; and

(c) the extent of work in terms of percentage which has been completed so far?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER (a) and (b) There has been slippage due to technical problem encountered during execution which have since been sorted out. The project is now scheduled for completion by March, 1993.

(c) About 85 per cent of the work has already been completed.

गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्गों और पुलों के निर्माण में विलम्ब

3065. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ठेकेदारों द्वारा धीमी गति से कार्य किये जाने के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों और पुलों के निर्माण में विलम्ब हो रहा है ;

(ख) यदि हां, तो गुजरात में ऐसे राजमार्ग कौन-कौन से हैं ; और

(ग) सरकार ने ठेकेदारों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) और (ख) अधिकतर राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य चल रहा है । लेकिन ठेकेदारों द्वारा कार्य न किए जाने के कारण कुछ परियोजनाओं में विलंब हुआ है । गुजरात राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार ठेकेदारों द्वारा धीमी गति से कार्य किए जाने के कारण निम्नलिखित निर्माण कार्यों में विलम्ब हुआ है :—

(i) अहमदाबाद और महाराष्ट्र के बीच रा.रा.–8 पर दो कार्य ।

(ii) मोररबी के निकट रा०रा० 8–ए० पर एक कार्य ।

(iii) थराड के निकट रा.रा.–15 पर एक कार्य ।

(iv) अहमदाबाद–बदोदरा एक्सप्रैसवे एन ई–1 पर बारह ठेके ।

(ग) धीमी गति से चल रही इन परियोजनाओं की समस्या को हल करने और ठेके की शर्तों के अनुसार ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई है ।

गुजरात में यातायात संकेत प्रणाली

3066. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात संकेत प्रणाली समाप्त कर दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि पिछले दो वर्षों के दौरान यह योजना असफल सिद्ध हुई है ; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) जी नहीं । राज्य सरकार द्वारा दी गई